भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1655

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

गोवा में प्रस्तावित एलिवेटेड हाईवे

1655. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) डाबोलिम से वेरना तक एलिवेटेड राजमार्ग परियोजना के लिए गोवा सरकार से प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी अनुमानित लागत, रेखाचित्र, कार्य का नाम, स्वीकृति आदेश की प्रति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या केंद्र सरकार ने उक्त परियोजना की योजना/अनुमोदन के लिए डाबोलिम विमानपत्तन के आस-पास उँचाई संबंधी प्रतिबंध पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) एमईएस कॉलेज जंक्शन से बोग्मालो जंक्शन तक 4 लेन फ्लाईओवर और क्वीनी नगर जंक्शन पर 4 लेन वीयूपी के निर्माण का कार्य, जिसकी अनुमानित लागत 367.65 करोड़ रुपये है, आबंटित कर दिया गया है।

(ग) जी हां, प्रस्ताव को डाबोलिम हवाई अड्डे और उसके आसपास ऊंचाई सीमा सहित लागू मानदंडों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

*****